तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 30 जुलाई 2025

13 कुर्मी समाज भवन का मंत्री टंकराम वर्मा ने किया ...

14 अग्रवाल महिला मंडल ने मनाया हरियाली ...




B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# झमाझम बारिश से जलाशय लबालब, किसानों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

इस वर्ष मानसून की अच्छी बारिश ने प्रदेशभर में राहत पहुंचाई है। बलौदाबाजार जिले में बीते पखवाड़े से लगातार हो रही झमाझम बारिश ने जलाशयों और सिंचाई बांधों को लबालब कर दिया है। जहां 15 दिन पहले तक कई क्षेत्रों में सूखे की आशंका जताई जा रही थी, वहीं अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है और किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। जल संसाधन विभाग के अनुसार जिले की 6 मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के जलाशय पूरी तरह से भर चुके हैं। इनमें बैजनाथ, बलौदा, खैरादतान, लवन, बालसमुंद और कुकदा जलाशय शामिल हैं। वहीं 13 अन्य जलाशयों में 50 प्रतिशत से अधिक जलभराव दर्ज किया गया है, जिनमें साबर, कुकुरदी, कारी, हरिनभट्ठा, पत्थरचुंवा, खैरी, खम्हरिया, चरौदा, टीथीडीह, हिरमी, बिटकुली, देवरीडीह और झिरिया प्रमुख हैं।

■ खरीफ फसलों को बड़ी राहत, रबी की बुवाई के लिए भी पर्याप्त पानी

## बारिश से 6 मध्यम सिंचाई परियोजनाएं ओवरफ्लो

### किसानों के लिए अच्छी खबर

अधिकारियों का कहना है कि खेतों में पहले से ही पर्याप्त पानी मौजूद है, जिससे वर्तमान में जलाशयों से सिंचाई की जरूरत नहीं पड़ रही है। भविष्य में सामूहिक मांग के आधार पर किसानों को जलाशयों से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इस जलभराव से धान सहित अन्य खरीफ फसलों को बड़ी राहत मिलेगी और आगामी रबी फसलों के लिए भी जल उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

### ब्लॉक के अनुसार जलभराव स्थिति

कसडोल एवं सिमगा ब्लॉक में बलार जलाशय में 30%, टुण्डरा में 0%, कसडोल में 36%, हटौद में 13%, बम्हनी में 48%, गोलाझर में 16%, अमरूवा में 31%, मखुरहा में 10%, बाछेरकापुर में 46%, तेलासी में 27%, बोईरडीह में 48%, भरतपुर में 21%, तिल्दा बांधा में 30%, करही में 47%, दुलदुला में 37%, कामता में 49% और घुघवा जलाशय में 40% जलभराव दर्ज किया गया है।



## खबर संक्षेप

### परिचय मिश्रा कुराश प्रतियोगिता में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व



**भाटापारा।** कुराश खेल के राष्ट्रीय निर्णायक एवम कोच परिचय मिश्रा को पैनल रेफरी के रूप में एशियाई कैडेट कुराश प्रतियोगिता चांगजोऊ,साउथ कोरिया के लिए नामांकित किया गया है। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन 30 जुलाई से 5 अगस्त किया जाना है। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए परिचय रवाना हो चुके है। उनकी सफल सुखद यात्रा हेतु जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे, जिला क्रीड़ा अधिकारी आलोक गुप्ता, प्रीति बंछोर, अमित तिवारी, योगेश कटेलिहा, आलोक मिश्रा, संतोष साहू, शरद पंसारी, चंद्रकांत बागड़े, उमप्रसाद राठौड़, अखिलेश यादव, लोकसिंग दीवान, संजीव ध्रुव, गजेंद्र साहू, श्रीधर राव, भूमेश पांडेय, द्रोण ध्रुव, यास्मीन अफरोज, प्रीति जलहरे, तिलोत्तमा वर्मा, प्रिया जायसवाल, प्रतिमा अवस्थी, ओमी तिवारी ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की है।

### महुआ शराब बेच रहे तीन लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम धनसुली के तालाब किनारे से पुलिस ने महुआ शराब बिक्री करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी नूनकर विश्वकर्मा पिता सदाराम विश्वकर्मा (59 वर्ष), झलक गाडा पिता त्रिलोचन गाडा (42 वर्ष), हेमलाल पिता त्रिलोचन गाडा (31 वर्ष) धनसुली थाना व जिला महासमुंद के कब्जे से कुल 17 लीटर महुआ शराब कीमत 3400 रुपए एवं शराब की बिक्री रकम 600 रुपए जब्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। इसी तरह सांकरा पुलिस ने ग्राम चारभांठा में आरोपी अजीत चौहान पिता टप्पूलाल चौहान (40 साल) के कब्जे से छह लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 1200 रुपए को जब्त किया है।

### ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी

**महासमुंद।** ग्राम मुंडपहार में लगे बिजली ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी के मामले में बलौदा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम छग. स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं. लि. बलौदा में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि बलौदा वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम मुंडपहार में लगे ट्रांसफार्मर के क्वाइल एवं ऑयल कुल कीमत करीब 30 हजार रुपए को 24-25 जुलाई के मध्य अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305(ई) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### सिरपुर में गंधेश्वर मंदिर के पास मारपीट

**महासमुंद।** सिरपुर में गंधेश्वर मंदिर के पास मारपीट करने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ तुमगांव थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी गोपाल ध्रुव निवासी सिरपुर और उसके साथी गंधेश्वर मंदिर के पास गंगा आरती के लिए टेंट लगाए थे। इस दौरान वे हाथ पैर धोने के लिए गंधेश्वर मंदिर के सामने नल में गए थे,तभी कुछ लोगों ने वहां आकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे।

## सफलता : पुलिस ने गुजरात में दबिश देकर ठग को लिया हिरासत में

# मोबाइल एसेसरीज के नाम पर 75 हजार की धोखाधड़ी, अहमदाबाद से आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

मोबाइल एसेसरीज भेजने का झांसा देकर 75,575 रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को बलौदाबाजार पुलिस ने अहमदाबाद, गुजरात से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दिनेश कुमार माली (23 वर्ष) निवासी जिला जालौर, राजस्थान के रूप में हुई है। उसे आज, 29 जुलाई 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है।

प्रार्थी सोमिल सराफ निवासी बलौदाबाजार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 14.06.2025 से 18.06.2025 के मध्य माही मोबाइल होलसेल शॉप नंबर 07 गली नंबर 103 थाना मुंबई महाराष्ट्र नामक दुकान के प्रोपराइटर के मोबाइल नंबर पर संपर्क होने एवं उसके बताए अनुसार नूतन सहकारी बैंक में 75,575 में जमा कर, मोबाइल एसेसरीज सामान भेजने का झांसा देकर धोखाधड़ी किया गया है। की रिपोर्ट पर अपराध क्र. 696/2025 धारा 318(4) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए प्रार्थी के फेसबुक एवं व्हाट्सएप में आरोपी एवं प्रार्थी के बीच चैटिंग के दस्तावेज, बैंक डिटेल दस्तावेज आदि विधिवत जप्त किया गया है।

### ठगी की वारदात में उपयोग किए गए मोबाइल और बैंक खाते जब्त



### आरोपी ने कबूला जुर्म

तत्पश्चात साइबर सेल की टेक्निकल टीम के माध्यम से प्रार्थी द्वारा बताये गये आरोपी के मोबाइल नंबर का जांच तस्दीक किया गया एवं उसके आधार पर पुलिस टीम द्वारा अहमदाबाद गुजरात में दबिश दिया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा आरोपी दिनेश कुमार माली को धरनीधर फ्लैट शॉप नंबर दो केडिया नगर अहमदाबाद में उसके मोबाइल शॉप से पकड़ा गया है। आरोपी से विस्तृत पूछताछ किया गया जिसमें उसके द्वारा प्रार्थी के साथ मोबाइल एसेसरीज सामान भेजने का झांसा देते हुए धोखाधड़ी करना स्वीकार किया गया है। प्रकरण के विवेचना क्रम में आरोपी से 2 मोबाइल एवं बैंक का खाता जप्त किया गया है। आरोपी को आज दिनांक 29.07.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

### पुलिस ने 2 बाइक चोरों को किया गिरफ्तार

■ चोरों के पास से चोरी की हुई बाइक व नकदी की जब्त



**खरोरा।** पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा-निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) रायपुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में पुलिस ने संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए बड़ी कार्रवाई की है। खरोरा पुलिस ने एक मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।दरअसल प्रार्थी टिकेश्वर पिता स्व. रघुनाथ ध्रुव उम्र-33 साल साकिन अमलोर थाना तुमगांव जिला महासमुंद दिनांक 06/07/2025 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी अपने रिश्तेदार टेकराम ध्रुव के मोटर सायकल होंडा लियो क्रमांक सीजी 04 एमआर 9318 को मांग कर नया बस स्टैण्ड खरोरा के सुलभ शौचालय के पास रात्रि करीबन 08:30 बजे खड़ी कर बस स्टैण्ड तरफ चला गया था। रात्रि करीबन 10:00 बजे वापस आया तो देखा उक्त मोटर सायकल खड़ी किये स्थान पर नहीं था। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटरसाइकिल होण्डा लियो क्रमांक सीजी 04 एमआर 9318 किमती लगभग ▸▸ शेष पेज 13 पर

### दोनों आरोपी रिमांड पर

दोनों आरोपी, लक्ष्मण उर्फ लाला और दिक्षित ध्रुव उर्फ पप्पू के खिलाफ अपराध घटित करने के पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर, उन्हें 28 जुलाई 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर परिजनों को सूचना दी गई। इसके बाद, उन्हें न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण की विवेचना जारी है।

## नाग हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा



**खरोरा।** नाग पंचमी के पर्व पर स्थानीय शासकीय प्राथ./ पूर्व माध्यमिक विद्यालय असौंदा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नागपंचमी पर पूजन कार्यक्रम रखा गया। प्रधानपाठक नेवारन दास गायकवाड़ व रमेश कुमार वर्मा प्रधानपाठक ने ॐ, माँ सरस्वती, भारत माता एवं नाग देवता के चित्रों का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मुख्यवक्ता के रूप में प्रधानपाठक नेवारन दास गायकवाड़, रमेश कुमार वर्मा ने कहा कि नाग पंचमी हिंदुओं का एक प्रसिद्ध त्यौहार है। यह पूरे भारत में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। नाग हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा है। नागों को धारण करने वाले भगवान भोलेनाथ की पूजा - अर्चना करना भी इस दिन विशेष रूप से शुभ ▸▸ शेष पेज 13 पर

### सशिमं में हर्षोल्लास से मनाई गई नागपंचमी



**हिरमी रावन।** सरस्वती शिशु मंदिर मोहरा में भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को सहेजते हुए नागपंचमी पर्व को हर्षोल्लास एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षिकाओं एवं समस्त स्टाफ ने मिलकर उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें भगवान शिव और नाग देवता का विधिवत पूजन कर छात्र-छात्राओं को नागपंचमी के महत्व के बारे में बताया गया। कक्षा कक्ष को सुंदर चित्रों व धार्मिक प्रतीकों से सजाया गया था। विशेष रूप से कक्षा ▸▸ शेष पेज 13 पर

# कनिष्ठ अधिकारियों का चरणबद्ध आंदोलन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



■ 30 जुलाई को प्रदेशव्यापी अवकाश और रायपुर में प्रदर्शन की तैयारी

जिले के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने आज कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संघ के बैनर तले अपना चरणबद्ध आंदोलन प्रारम्भ करते हुए जिला मुख्यालय में धरने में बैठे। राजनैतिक दलों एवं विभिन्न संगठनों के मांग पत्र एवं ज्ञापन स्वीकार करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी आज खुद ही जिला मुख्यालय के गार्डन चौक में पंडाल लगाकर बैठे दिखाई दिये। कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी संघ ने संसाधन नही तो काम नही की बात करते हुए कहा कि पूर्व में भी कई मर्तबा प्रशानिक कार्यो में आने वाली परेशानियों को लेकर संघ ने शासन का विभिन्न मुद्दों पर ध्यानाकर्षण कराया गया था जिसमे विशेषकर तहसील कार्यालयों में पदस्थ तहसीलदारो ▸▸ शेष पेज 13 पर

### मांगों पर होगा विचार

उनकी मांगों को लेकर सहानुभूति पूर्वक विचार किया जाएगा, पूर्व में उन्हें शासन से जो लाभ मिलता था वह कांग्रेस की शासन आने के बाद बंद हो गया था.. जिसे वह फिर से चालू करने की मांग कर रहे हैं जल्दी इस बारे में निर्णय लिया जाएगा।

**- टंकराम वर्मा,** राजस्व मंत्री

# खाद्य व औषधि प्रशासन का सघन जांच अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



■ 28 नमूने मानक पाए गए, खस्ता और चिकन रोस्ट के सैंपल लैब भेजे गए

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर त्यौहारी सीजन में मिठाईयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों क्री गुणवत्ता सुनिश्चित करने खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बलौदाबाजार के कई दुकानों में खाद्य पदार्थों की जांच की गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा एवं टीम द्वारा बलौदाबाजार के कुल 4 होटल, बिरयानी सेंटर, दुकानों का निरीक्षण किया गया।

जिसमें बरकाती बिरयानी अम्बेडकर चौक, देवांगन भोजनालय, सोनी होटल, देवांगन होटल में साफ सफाई की कमी एवं खाद्य सुरक्षा मानक अनुज्ञप्ति व पंजीयन नियम 2011 की शर्तों का व पूर्व में जारी निर्देशों का पालन नहीं किए जाने के कारण खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 31(1) व 55 के तहत प्रकरण तैयार किया गया।

### मौके पर नष्ट कराए गए अवमानक पदार्थ

इसके साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से कुल 30 प्रकार के खाद्य पदार्थ एवं मिठाइयों की जांच की गई। जिसमें से 28 मानक एवं 2 अवमानक रिपोर्ट प्राप्त हुए। अवमानक मीठा सलौनी एवं खस्ता को मौके पर नष्ट कराया गया। खस्ता, चिकन रोस्ट, बालूशाही, चिकन रोस्ट काड़ी का सर्विलांस नमूना लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला जांच हेतु भेजा गया।

## अभियान में सरपंच और सचिव करेंगे ग्रामवासियों को जागरूक

# साइबर धोखाधड़ी से बचाव को चलेगा वित्तीय साक्षरता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



■ कलेक्टर ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

सायबर अपराध व धोखाधड़ी तथा आर्थिक लेनदेन के प्रति लोगों क्रो सतर्क करने वित्तीय साक्षरता अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान आगामी 6 अगस्त से शुरु होगी जिसमें सरपंच एवं सचिवों क्रो प्रशिक्षण दिया जाएगा जो गांवो में लोगों क्रो जागरूक करेंगे। कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार क्रो समय सीमा की बैठक में अभियान की तैयारी के लिए स्कूल शिक्षा, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी क्रो जरुरी निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि वित्तीय साक्षरता अभियान के तहत हर माह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हेतु आवश्यक तैयारी करें। प्रशिक्षण हेतु सायबर एवं फाइनेशल एक्सपर्ट क्रो भी आमंत्रित करें। उन्होंने न्यायलयीन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय सीमा में जवाब दावा प्रस्तुत करने कहा ताकि न्यायलय की अवमानना की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके साथ ही लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करें।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गोते, मिथलेश डोंडे सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### दर्ज आवेदनों के निराकरण की स्थिति की हुई विस्तृत समीक्षा

कलेक्टर ने खाद बीज़ भण्डारण एवं वितरण की समीक्षा करते हुए सभी समितियों में उर्वरक उपलब्ध कराने तथा उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने क्रृषि सेवा केंद्रों में संयुक्त टीम द्वारा लगातार जांच एवं छापेमारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी स्कूलों ने पाठ्य पुस्तक वितरण हेतु उच्च अधिकारियो से आवश्यक समन्वय करने तथा 1 अगस्त 2025 क्रो आयोजित होने वाले अभिभावक शिक्षक बैठक में जिला अधिकारियो क्रो भी मौजूद रहने के निर्देश दिये। इस बैठक में आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चों के अभिभावको क्रो अवश्य शामिल करने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चिन्हांकित सभी 46 गांव में योजनाओं से शतप्रतिशत लोगों क्रो लाभान्वित करने हेतु निरंतर शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने जर्जर आंगनबाडी भवन एवं स्कूलों में कक्षा संचालित न कर अन्य भवन में संचालित करने के निर्देश दिये। इस दौरान स्वामित्व योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, आधार सिडिंग, आयुष्मान कार्ड, जॉब कार्ड, धरती आबा अभियान, समय -सीमा के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई ।

# अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारनवापारा में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर, अधीक्षक बारनवापारा अभयारण्य आनंद कुदरिया, एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी बारनवापारा सुनील खोब्रागड़े के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने कहा कि बाघ केवल एक वन्यजीव नहीं, बल्कि जैव विविधता की रक्षा का प्रतीक है। जहाँ बाघ सुरक्षित हैं, वहाँ पूरा पर्यावरण संतुलित रहता है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम छात्र-छात्राओं के माध्यम से समाज में बाघों के संरक्षण की चेतना प्रसारित करे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बाघों के पारिस्थितिकी तंत्र में महत्व, बाघ संरक्षण ▸▸ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### खरोरा में मनाया गया नाग पंचमी पर्व

**खरोरा।** नाग पंचमी पर ग्राम खरोरा में रेत पर नाग देवता बनाकर पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर ममता, लीना, मीना, उत्तरा, कृष्ण, देवकी, दुर्गा, रेखा चंद्राकर ने कहा कि हिंदू धर्म में सावन महीने को बहुत ही पवित्र माना गया है और इस महीने में आने वाले सभी व्रत और त्योहारों का महत्वपूर्ण होते हैं। इस साल सावन महीना में नाग पंचमी का पर्व 29 जुलाई को मनाया गया और भगवान महादेव के गले के श्रृंगार कहे जाने वाले भगवान नाग देवता की पूजा-अर्चना की जाती है।

### तुलसी जयंती पर परिचर्चा कल

**महासमुंद।** साहित्य समिति आस्था के संयोजन में तुलसी जयंती पर परिचर्चा-तुलसी साहित्य में लोक मंगल का आयोजन 31 को अपरान्ह 3 बजे स्थानीय वृंदावन विद्यालय (पुराना भवन) में किया गया है। साहित्यकार एस. चंद्रसेन इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगी व समिति अध्यक्ष आनंद तिवारी पौराणिक सभा की अध्यक्षता करेंगे। वृंदावन विद्यालय संचालक सुजाता विश्वनाथन व एमआर विश्वनाथन ने इस आयोजन में सभी साहित्य प्रेमियों की उपस्थिति की अपेक्षा जताई है। यह जानकारी टेकराम सेन चमक ने दी है।

### निधन



**जोहत्री साहू**

महासमुंद। मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम लाफिनकला निवासी जोहत्री साहू (30) का निधन हो गया। वे शिवकुमार साहू की पत्नी थीं। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## बैठक : कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली समय-सीमा बैठक, खाद व्यवस्था को लेकर की चर्चा

# जर्जर भवनों में स्कूल, आंगनबाड़ी और छात्रावास संचालन नहीं किया जाए, कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- आवारा पशुओं को सीएमओ और जनपद सीईओ अभियान चलाकर मुख्य मार्ग से हटाएं

जर्जर भवनों के चलते नौनिहालों के काल के गाल में समाए जाने की घटना को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जर्जर भवनों, आंगनबाड़ियों और छात्रावासों में शैक्षणिक गतिविधियां संचालित नही की जाएं। कलेक्टर लंगेह की कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को समय-सीमा की बैठक के दौरान जिले के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की और इस निर्देश को तत्काल लागू किए जाने की बात कही है।

बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के अनुरूप स्वीकृत कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान किए गए घोषणाओं को प्राथमिकता से क्रियान्वित करें। सरायपाली, खल्लारी में किए गए घोषणाओं की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति का मॉनिटरिंग अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। अतः सभी विभाग अपने प्रत्येक माह की उपलब्धियों की जानकारी पोर्टल में अपलोड करना सुनिश्चित करें। साथ ही उच्च कार्यालय का भेजना भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बहुद्देशीय केंद्र, आयुष्मान कार्ड वितरण सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से तालमेल के साथ कार्य करने कहा।




**छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती समारोह के लिए दिए निर्देश**

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती समारोह की तैयारी को लेकर निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी विभाग निर्देशानुसार विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें और शीघ्र प्रस्तुत करें। उन्होंने बताया कि 16 अगस्त से 31 मार्च तक रजत जयंती समारोह के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिसमें राज्य स्थापना के पश्चात विकास और उपलब्धियों की सफर को रेखांकित जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। सड़कों पर आवारा मवेशियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने नगरीय निकाय और जनपद सीईओ की नामजद ड्यूटी लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि निरंतर अभियान चलाकर इस पर सख्ती से नियंत्रण किया जाए। उन्होंने खाद की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कहा कि खाद भंडारण और वितरण की निरंतर समीक्षा करते हुए सोसायटियों में भंडारित खादों को किसानों को वितरण सुनिश्चित किया जाए। निजी संस्थानों में ओवर स्टॉक होने पर कार्रवाई करें। उन्होंने अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय की शिकायतों पर निरंतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

प्रधानमंत्री आवासों की समीक्षा की और निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में निर्माण कार्य बाधित न हो, हर हितग्राही को समय पर लाभ मिले। पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक पेड़ मां के नाम अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित विभागों को पोर्टल में एंट्री सुनिश्चित करने को कहा। वहीं मोर गांव मोर पानी अभियान के अंतर्गत गांवों में पेयजल स्त्रोतों की सफाई, खुले में गंदगी की रोकथाम और स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनभागीदारी से बनाए जा रहे सोख्ता गड्ढा एवं इंजेक्शन वेल की जानकारी ली। जिले में अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना की आवासों में 8265 एवं अन्य स्थानों पर 5 हजार सोख्ता गड्ढे बनाए गए है। जबकि, बंद पड़े बोर के जल संरक्षण के लिए 178 इंजेक्शन वेल का निर्माण किया गया है। कलेक्टर ने इस अभियान को निरंतर चलाने के निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान जर्जर भवनों में स्कूल, आंगनवाड़ी अथवा हॉस्टल संचालन नहीं करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक तौर पर ऐसे भवनों को छोड़कर सामुदायिक या अन्य शासकीय भवनों में संचालन किया जाए। साथ ही जर्जर भवनों के डिस्मेंटल करने की कार्रवाई किया जाए।

बैठक में राजस्व प्रकरणों और समय-सीमा पत्रकों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनता से जुड़े प्रकरणों को समय पर और प्राथमिकता से हल किया जाए। साथ ही सभी कार्यालयों को ई-ऑफिस प्रणाली के तहत फाइल मूव करने और प्रशासनिक प्रक्रिया को डिजिटल रूप से मजबूत करने के निर्देश भी दिए।

# झिटकी के लोगों ने हॉस्टल निर्माण को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत वार्षिक योजना 2024-25 के तहत भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता मिशन द्वारा महासमुंद जिले के बागबाहरा विखं के ग्राम मुड़पार में 100 सीटर छात्रावास भवन निर्माण के लिए कलेक्टर एवं मिशन संचालक समग्र शिक्षा द्वारा 271 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।



इस संबंध में आवेदन कलेक्टर को सौंपकर हास्टल निर्माण कराने की मांग की। सरपंच कौशिल्या पटेल, उपसरपंच रेखराम दीवान, लेखमणी पटेल, संतोष पटेल, नूतन पटेल, बलदाउ, निहाल आदि पोखन महानंद, नंद कुमार ठाकुर, दशरथ ठाकुर इत्यादि ने कहा कि मुड़पार में हास्टल निर्माण कराने झिटकी पंचायत के आश्रित ग्राम मुड़पार में बनाया जाना प्रस्तावित हुआ है।

# पटपरपाली में महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटपरपाली (कोमाखान)

ग्राम पंचायत पटपरपाली सरपंच लता कमलेश टांडेय द्वारा पंचायत परिसर में पवित्र श्रावण मास के अवसर पर सोमवार को सावन महोत्सव का आयोजन उत्साह और रंगारंग अंदाज में किया गया। इस आयोजन में पंचायत की सभी महिला पंचगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं विद्यालय की शिक्षिकाओं ने भाग लिया और विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव चालीसा पाठ, दीप प्रज्वलन और बेलपत्र, पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुई, जिसके बाद सावन के गीतों पर नृत्य और संगीत की प्रस्तुति ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। महिलाओं ने पारंपरिक भारतीय परिधानों में सजधजकर हरियाली और प्रकृति के सौंदर्य को जीवंत कर दिया। सावन मास शिव-पार्वती के दिव्य मिलन का प्रतीक माना जाता है और यह आयोजन भी उसी भावना के अनुरूप रहा।

रिमझिम बारिश के मौसम के बावजूद महिलाओं ने पूरे विधि-विधान से पूजन किया। इस आयोजन में विशेष रूप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गमला यादव व मीना साहू के साथ ही



ग्रामवासियों का भी पूरा सहयोग मिला। पूजन के बाद प्रसाद का वितरण भी किया गया। सरपंच लता कमलेश टांडेय ने कहा कि मान्यता है जो भी व्यक्ति सावन के सोमवार को व्रत रखते हैं और शिव परिवार की पूजा करते हैं, उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही भगवान शिव और मां पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि इस दिन व्रत कथा का पाठ अवश्य करना चाहिए। इस सामूहिक पूजन से गांव में एकता और धार्मिक भावना का संचार होता है। महिलाओं द्वारा किए गए इस आयोजन से सभी लोग अत्यंत प्रसन्न हैं। इस अवसर पर पटपरपाली सोसायटी अध्यक्ष कमलेश कुमार टांडेय, पंचायत सचिव बेदनाथ देवांगन, तकनीकी सहायक अधिकारी मोनिशा ध्रुव, रोजगार सहायक एसराम साहू, पटपरपाली प्राथमिक शाला अध्यापिका ज्योति मेश्राम, उपसरपंच चैतराम साहू, थलेश्वरी साहू, हवंत्त साहू, हेमलता साहू, मुकेश गुप्ता, सुनीता साहू, रामचंद्र यादव, कल्पना तिवारी, धानबाई साहू, कांति साहू, मोहन साहू, धनाऊ साहू, मनोज साहू, मुकेश साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गमला यादव, मीना साहू आदि मौजूद रहे।

## महिलाएं कर रही शिवभक्ति में मिसाल कायम...



**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम भोरिंग की महिलाएं शिवभक्ति को लेकर एक मिसल कायम करती नजर आ रही है, जो महिलाओं में डर एवं साहस का प्रतीक कायम कर रही हैं। वे यह परंपरा पिछले 10 सालों के निभाती आ रही है। बेटियों की शादी हो जाने के बावजूद कांवर यात्रा में शामिल हुईं। वहीं छोटे भाई भी उनको देख प्रेरित हो रहे है और अपने परिवार के साथ बम्हनेश्वर नाथ महादेव मंदिर से जल लेकर सिरपुर स्थित गंधेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना कर अपने परिवार की सुख समृद्धि एवं क्षेत्र के प्रगति की कामना को लेकर हर साल सावन में कांवर लेकर 48 किलोमीटर की यात्रा तय कर रहे है।

## बारिश होती रही, लेकिन नहीं रुकी कांवरियों की सेवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम बम्हनी में शनिवार के दिन कांवरियों के सेवा भाव को लेकर युवाओं में उत्साह भरपूर देखने को मिला। बारिश होती रही लेकिन कांवरियों के लिए के लिए चाय बिस्कुट का वितरण चालू रहा। ये दृश्य दर्शाता है कि अब युवा वर्ग भी कांवरियों को किसी भी असुविधा का सामना नहीं होने देंगे, जो आने समय की एक मिशाल साबित होगी।

### महाविद्यालय में संकटग्रस्त बाघ संरक्षण के लिए जागरुकता कार्यक्रम

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस का आयोजन भूगोल परिषद व सूक्ष्म जीव विज्ञान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में संस्था के प्राचार्य के मार्गदर्शन में किया गया। इस जागरुकता कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल, डॉ. श्वेतलाना नागल, डॉ. मनोज कुमार शर्मा, ओंकार प्रसाद साहू,अरविंद साहू ने वक्तव्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाघ संरक्षण के लिए किया जा रहे प्रयास, रेड डाटा बुक और संकटग्रस्त बाघ को बचाने, वन्य जीवों की तस्करी और बाघों की घटती संख्या, उनकी शिकार और तांत्रिक क्रियाओ में उनके शरीर की विभिन्न अंगों को इस्तेमाल की रूढ़िवादी- घृणित कृत्य पर सख्त कानूनी और सजा का प्रावधान को बताया गया। महाविद्यालय की छात्राओं नंदिनी, पुष्पा, मोहिनी, दिव्या, लक्ष्मी, योगेश्वरी, हिमांशी, गरिमा, सरिता, मोनिका, पल्लवी, डिगेश्वरी, योगेश्वरी, मधु, मानसी, यामिनी, खुशबू, किरण, मीणा, अनिता, वेदिका, कमलेश्वरी, झरना, सरिता, दर्शिता ने जागरुगता नारे तथा संरक्षण पर लेख प्रस्तुत किया। बाघ संरक्षण के लिए वैश्विक स्तर पर किए जा रहे प्रयास और दिवस मनाने के उद्देश्य 29 जुलाई अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस की शुरुआत को रेखांकित करते हुए कार्यक्रम का संचालन जगदीश प्रसाद खटकर भूगोल विभाग ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण और स्टाफ उपस्थित रहे।

# बेलसोंडा में हुआ खेल कलेवा कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम पंचायत बेलसोंडा में सोमवार को किशोरों में एनीमिया की रोकथाम और समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष खेल कलेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यूनिसेफ और एनआईटी रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम को जिला प्रशासन महासमुंद का भी सहयोग मिला।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई। बेलसोंडा विद्यालय परिसर में हुए इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरों को सही पोषण, विविध आहार, खेल के महत्व और संवाद के माध्यम से जागरूक करना था। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में इन विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में माताओं और छात्रों ने उत्साहपूर्वक खेल कलेवा में भाग लिया।

हुलसी ने महिलाओं से कहा कि अपने बच्चों का किशोरावस्था में विशेष रूप से पोषण आहार के साथ व्यवहार का भी ध्यान रखने की जरूरत है। चूंकि, ये यह 14 से 17 के किशोरावस्था में बच्चों की समझ नाजुक होती है। अपने बच्चों के आचरण में परिवर्तन दिखता है या अकेलापन रहता है तो उसे प्यार से पूछ कर समस्या जानने की कोशिश करें, ना कि डांटे फटकारें। डराने से गलत क़दम भी बच्चे उठा लेते हैं। प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पालकों द्वारा विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। पौष्टिकता व्यंजन का गुणवत्ता का चयनित कर तीन माताओं को पुरस्कृत किया गया। 24 किशोरावस्था बालक बालिकाओं का चयनित कर उन्हें मेनू चैट दिया गया। जिसमें प्रतिनिधि का पोषक आहार चैट में भरेंगे। जिसका हर हफ्ते यूनिसेफ वा महिला बाल विकास विभाग से मोनीटरिंग भी होगा। कितना पोषण में कितना बदलाव हो रहा है। इस महत्वपूर्ण पहल में बेलसोंडा की सरपंच प्रीति धीवर, पंच सरिता देवांगन और गांव की कई प्रतिष्ठित महिलाओं आदि मौजूद रहे।

# मंडल सेक्टर जोन के गठन के लिए हुई बैठक, अमरजीत बनाए गए प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महासमुंद शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य मंडल सेक्टर जोन के गठन की रूपरेखा तय करना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अमरजीत चावला, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष खिलावन बघेल की अध्यक्षता में विशेष अतिथि निखिलकांत साहू नगरपालिका अध्यक्ष, वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

बैठक में चावला के नेतृत्व में शहर के विभिन्न वार्डों एवं क्षेत्रों में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत करने का लक्ष्य तय किया गया है। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक मंडल, सेक्टर में स्थानीय स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की एक संगठित टीम गठित की जाएगी, जो जमीनी स्तर पर जनसमस्याओं के समाधान के साथ-साथ पार्टी की नीति और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएगी। साथ ही यह संरचना आगामी चुनावों की तैयारी में भी एक निर्णायक भूमिका निभाएगी। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष खिलावन बघेल ने जानकारी दी कि अमरजीत चावला की नियुक्ति अनुभव और नेतृत्वक्षमता, कार्यक्षमता के आधार पर की गई है। संगठन को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में मंडल सेक्टर जोन एक प्रभावशाली और सक्रिय संगठनात्मक ढांचे के रूप में उभरेगा। निखिलकांत साहू ने अपनी बात कही कि मंडल सेक्टर जोन के गठन को लेकर अमरजीत चावला के नेतृत्व में जो बैठक संपन्न हुई, वह संगठनात्मक दृष्टिकोण से एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण पहल थी। यह न केवल क्षेत्रीय राजनीतिक संरचना को सशक्त बनाने की दिशा में एक सुदृढ़ कदम है, बल्कि इससे स्थानीय कार्यकर्ताओं को अधिक संगठित और जवाबदेह बनाने का अवसर भी प्राप्त होगा। बैठक में अमरजीत ने स्पष्ट रूप से यह संदेश दिया कि संगठन की जड़ें तभी मजबूत होंगी, जब हर स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को स्पष्ट दिशा, उचित मंच और सहभागिता प्राप्त हो। मंडल सेक्टर जोन का गठन इसी सोच को साकार करने की दिशा में एक रणनीतिक



प्रयास है, जिससे क्षेत्रीय मुद्दों का समाधान स्थानीय स्तर पर त्वरित रूप से किया जा सकेगा। इस बैठक के माध्यम से यह भी स्पष्ट हुआ कि चावल की नेतृत्व क्षमता केवल संगठन के विस्तार तक सीमित नहीं है, बल्कि वह कार्यकर्ताओं की सामाजिक, राजनीतिक एवं वैचारिक भूमिका को भी नई दिशा देने में सक्षम हैं। उनका यह प्रयास आने वाले समय में संगठन को ज़मीनी स्तर पर अधिक मज़बूती प्रदान करेगा और जनसंपर्क एवं जनसेवा के कार्यों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा सकेगा। यह बैठक केवल एक औपचारिक आयोजन न होकर, संगठन के नवाचार और विस्तार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगी। अमरजीत के कुशल नेतृत्व में मंडल सेक्टर जोन की नींव आने वाले समय में क्षेत्रीय राजनीति में एक नया आयाम स्थापित करेगा।

चावला ने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी के इस निर्णय के लिए आभार व्यक्त करता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि संगठन को निचले स्तर तक मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा। पार्टी की विचारधारा को जनमानस तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता रहेगी। बैठक में अमरजीत चावला पूर्व प्रभारी महामंत्री एवं पूर्व जिलाअध्यक्ष, खिलावन बघेल पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन एवं शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, निखिलकांत साहू नगर पालिका अध्यक्ष, अमन चंद्राकर युवक कांग्रेस अध्यक्ष, शाहबाज रजवानी एनएसयूआई अध्यक्ष, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री, गौरव चंद्राकर महामंत्री, प्रदीप चंद्राकर प्रदेश महामंत्री, लक्ष्मी देवांगन सदस्य छत्तीसगढ़ शासन, नितेंद्र बैनर्जी सेवादल अध्यक्ष, वीरेंद्र चंद्राकर, भारत सिंह ठाकुर, पार्षद मुस्ताक खान, अरिन चंद्राकर, नारायण नामदेव, डॉ.तरुण साहू, मिंदर चावला, कपिल साहू, तबरेज खान, देवेश शर्मा, राजेश नेताम, गोपीचंद तारक, सुनील चंद्राकर, तुलसी साहू, सुल्तान बागड़ी, नुकेश महंत, दसोदा ध्रुव, लक्ष्मी सोनी, सोनम रामटेके, खुशबू विश्वकर्मा,जय पवार, सतीश कन्नौजे, मनोहर ठाकुर, रवि साहू, प्रकाश अजमानी, सुरेंद्र ठाकुर, आकाश निषाद, रवि ध्रुव, जुगल किशोर शर्मा, चंद्रेश साहू, रत्नेश साहू, सन्नी महानंद, बसंत चंद्राकर, गंगा प्रसाद, पुरुषोत्तम दास, तुलसी देवदास, भानू सोनी आदि उपस्थित रहे।

## शनिवार को स्कूल का समय बदलने पर छग टीचर्स एसोसिएशन ने जताया ऐतराज

**महासमुंद।** छग टीचर्स एसोसिएशन ने लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी नए समय सारिणी में शनिवार की शाला संचालन का समय सुबह 10 बजे से 04 बजे तक किए जाने पर विरोध करते हुए कहा कि शनिवार को शाला का संचालन पूर्व की भांति प्रातः 7:30 से 11:30 तक किया जाना चाहिए। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी ने कहा कि शनिवार प्रातः स्कूल होने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना करे योग- रहे निरोग की सुचारू एवं लाभदायक गतिविधियों का संचालन होता है। 10 बजे से शाला संचालित करने पर बच्चे योगाभ्यास से दूर हो जाएंगे। प्रातःकालीन समय व्यायाम, योगभ्यास, खेलकूद के लिए प्रासंगिक ही नहीं होता है वरन स्वास्थ्य जीवन के लिए भी अतिश्रेयस्कर होता है। इसी प्रकार नई समय सारिणी में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के बच्चों को प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत मध्यान्ह भोजन खिलाया जाता है, जिसका समय सभी शालाओं में 1:10 बजे हुआ करता था। जिसे बदलकर प्राथमिक शालाओं के लिए 1:45 बजे से कर दिया गया है। जबकि, माध्यमिक शालाओं के बच्चों को पूर्व की भांति 1:10 बजे ही मध्यान्ह भोजन दिया जाएगा। प्राथमिक शाला के नन्हे बच्चों को लगभग 1 घंटे अतिरिक्त समय तक भूखा रखने का कोई विशेष कारण समझ नहीं आता है। एसोसिएशन ने कहा कि नए दिशानिर्देश के कारण मध्यान्ह भोजन बनाने वाली रसोइया को भी अब अलग अलग 2 बार वितरण का कार्य करना पड़ेगा, जिससे अकारण ही मध्यान्ह भोजन प्रभारी एवं रसोइयों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित होने की संभावना बनी रहेगी। इसी प्रकार लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी समय सारिणी में मतभेद है। ब

## खबर संक्षेप



### सुरेश ने जामुन के 36 पौधे लगाए

**बिरकोनी**। ग्राम बिरकोनी स्थित चंडी मंदिर के नर्सरी में सुरेश अग्रवाल ने 36 राई जामुन और बरगद, पीपल, बेर के पौधे रोपित किया। इस स्वास्थ्य वर्धक पौधे की सुरक्षा की जिम्मेदारी ली है। पर्यावरण प्रेमी अग्रवाल ने स्वास्थ्य संतुलन के लिए वृक्षों के रोपण और संरक्षण का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि आज की भागदौड़ की जिंदगी में फलदार वृक्षों का महत्व अनेक दृष्टियों से है। ये न केवल हमे फल प्रदान करते है, बल्कि पर्यावरण स्वास्थ्य और आर्थिक रूप से भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने अपने संदेश में प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधरोपण और संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया।

### सावन के प्रारंभ से ही रुद्राभिषेक के साथ भोलेनाथ का गुणगान



**बिरकोनी**। ग्राम बिरकोनी के राम जानकी मंदिर में सावन मास के प्रारंभ से ही विश्व कल्याण, सर्वजनहित एवं उत्तम जलवृष्टि के लिए रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। शिवलिंग श्रृंगार एवं विशाल पार्थिव शिवलिंग, रुद्राभिषेक व जाप शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्रद्धालुओं द्वारा किया जा रहा है। भगवान शिव की आरती में पुण्यलाभ अर्जित कर रहे है। जिसमें मंत्रों के जाप के साथ शिव महिमा का गुणगान किया जा रहा है। इससे भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। शाम को श्रद्धालु पहुंच कर पवित्र आयोजन का आनंद ले रहे है। रामजानकी मंदिर आचार्य पंडित लक्ष्मीनारायण महाराज ने बताया कि भगवान शिव की पूजा करने से मनुष्य के सभी संकट व अनिष्ट दूर होते हैं और सुख-शांति, वैभव व सौभाग्य की प्राप्ति होती है। साथ ही उन्हें मानव धर्म के चार फल प्राप्टत होते हैं। अर्थ, धर्म, काम व मोक्ष की भी फल मिलता है। भगवान शिव ने कहा है कि जो भी कार्य करने से पहले गणपति महाराज का पूजन करते हैं उनके जीवन में यश, वैभव, कीर्ति, धन-धान्य की कोई कमी नहीं रहेगी।

### 30 लाख में खरीदी गई 2.6 डिसमिल जमीन, शिक्षाविद खोडस राम ने की अध्यक्षता

# कुर्मी समाज भवन का मंत्री टंकराम वर्मा ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज अर्जुनी राज के अंतर्गत ग्राम अर्जुनी में भवन निर्माण हेतु भूमिपूजन मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद खोडस राम कश्यप, केंद्रीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज ने किया। विशेष अतिथि के हरिराम वर्मा अध्यक्ष अर्जुनी राज, कपिल कश्यप पूर्व युवा केंद्रीय अध्यक्ष, भोला वर्मा जनपद उपाध्यक्ष भाटापारा आदि उपस्थित थें। धार्मिक पूजा पाठ कर भूमिपूजन भवन निर्माण हेतु किया गया। तत्पश्चात वृक्षारोपण मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए खोडस राम कश्यप केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज अर्जुनी राज मे 2 एकड 6 डिसमिल जगह के लिए राज प्रधान हरिराम के द्वारा 30 लाख रुपया की चंदा वसूली कर जमीन को छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज अर्जुनी राज के नाम में किया गया है। उन्होने इस भवन के स्वरूप एवं कार्य योजना बनाने की बात कही।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से विजय केसरवानी उपाध्यक्ष प्रदेश उपाध्यक्ष स्काउट गाइड, रवि शंकर वर्मा मंडल अध्यक्ष, सुनीता वर्मा अध्यक्ष बलौदाबाजार राज, डोमन वर्मा सभापति प्रतिनिधि जिला पंचायत, संदीप वर्मा ग्राम प्रमुख ग्राम इकाई अर्जुनी रूपेश वर्मा मीडिया प्रभारी, अर्जुनीराज त्रिलोक यादव जनपद प्रतिनिधि, सरपंच कविता ध्रुव, सुखराम ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, उपसरपंच विष्णु साहू, महिला विंग से टिकेश्वरी वर्मा ,तुलेश्वरी वर्मा, ग्राम सचिव राजेश साहू, बी.एल.साहू पटवारी स्वजातीय बंधु सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

#### भवन सभी समाज के लोगों के लिए उपयोगी होगा

इस जगह का उपयोग सोच समझकर अच्छे इंजीनियर से नक्शा बनवाकर निर्माण को पूर्ण करने की सलाह दिया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि आज समाज के भवन निर्माण में कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का विशेष योगदान है। जिन्होंने चंदा इकट्ठा कर समाज के लिए भूमि की खरीदी शासन से किया है। इस स्थान पर बहुत अच्छे बड़े भवन बनाने की आवश्यकता है जिसमें सभी समाज के लोग इसका उपयोग कर सके। इस जगह का सदुपयोग आने वाले समय में शादी-विवाह आदि विभिन्न कार्यक्रम यहां पर संपन्न होगा। यदि किसी भवन में व्यक्तिगत पैसा लगने पर लोग उसे भवन का निर्माण अपना समझकर मजबूत और टिकाऊ बनाते हैं, इस भवन का निर्माण मजबूत एवं टिकाऊ होगा।

## कुर्मी समाज ने किया पौधारोपण अभियान का शुभारंभ




**अर्जुनी**। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज केंद्रीय युवा कार्यकारिणी एवं राज कार्यकारिणी पदाधिकारियों सदस्यों द्वारा वृहत स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के दस राज में पर्यावरण सुदृढ़ बनाने चारों ओर हरियाली लाने छत्तीसगढ़ महतारी के श्रृंगार करने बढ़ते तापमान खंड वर्षा वायु प्रदूषण जल प्रदूषण एवं कारखानों से निकलता जहरीला धुवां से बचने भरपूर मात्रा में क्षितिज पर ऑक्सीजन प्रसारित करने अनवरत चल रहे पौधारोपण को नया दशा एवं दिशा देते हुए प्रथम चरण में पाटनराज के ग्राम अमलेश्वर दूसरे क्रम में दुर्गराज के कुम्हारी स्थित नगरपालिका परिसर में सामूहिक रूप से पौधा लगाया गया।

- पर्यावरण संरक्षण और भावी पीढ़ी की सुरक्षा के लिए दस राज में लगाए जा रहे पौधे

यह वृक्षारोपण अभियान संकल्प है प्रकृति की रक्षा का आनेवाली पीढ़ी की सुरक्षा का है लुप्त हो रहे क्षेत्रीय पेड़ो को फिर से नवजीवन देने का है मां भारती की सेवा प्रकृति की बचाव मिट्टी की कटाव को रोकना सही दिशा में मार्ग प्रशस्त है, इसके पहल कुर्मी समाज के द्वारा कर दी गई है, जिससे प्रेरणा लेकर अन्य समाज भी इस दिशा में आगे बढ़ेंगे वृक्षारोपण कार्य जन्मदिवस वैवाहिक कार्यक्रम छुट्टी अवसर दशगात्र कार्यक्रम तीज त्यौहार राष्ट्रीय पर्व महापुरुषों के जयंती एवं पुण्यतिथि पर किया जाय। जिससे पर्यावरण के क्षेत्र के साथ- साथ आज के युवा पीढ़ी इतिहास में राज्य के प्रति देश के प्रति अनेकों क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल कर बिसरते जा रहे है उनसे अवगत हो सके उनकी मान सम्मान कर सके राज एवं केंद्रीय युवा कार्यकारिणी द्वारा दुर्ग नगर इकाई में आयोजन डॉ खूबचंद बघेल जयंती में सम्मिलित हुए ।

**ये हुए शामिल:** उक्त अवसर पर मीना वर्मा अध्यक्ष नगरपालिका कुम्हारी, युगल किशोर आडील, राजप्रधान पाटन राज, केंद्रीय युवाध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा, केंद्रीय युवा उपाध्यक्ष लोकेश वर्मा, केंद्रीय पर्यावरण प्रकोष्ठ इंद्रकुमार वर्मा, लक्ष्मण कुमार वर्मा, विकास मढ़रिया, युवाध्यक्ष दुर्ग, राज, राकेश, आडील, युवाध्यक्ष पाटन, राज, ललित, बिजोरा, पूर्व केंद्रीय युवा अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में स्वजातीयगण शामिल रहे।

## कुर्मी समाज की बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों पर सर्वसम्मति से निकाला समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भरूवाडीह/सैहा/गुमा





छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज की विशेष प्रकरण बैठक रविवार को हिरमी के ज्ञानोदय इंग्लिश मीडियम स्कूल में संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष खोड़सराम कश्यप रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राज प्रधान सुनीता वर्मा ने की। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोतीलाल वर्मा, अर्जुनी राज प्रधान हरिराम वर्मा, तिल्दा राज प्रधान ठाकुरराम वर्मा, केंद्रीय सदस्य कोपराम वर्मा, जिला पंचायत सभापति डॉ. मोहन वर्मा, राज मंत्री द्वारिका वर्मा, उप राज प्रधान कीर्ति वर्मा एवं महिला अध्यक्ष ईश्वरी वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

- हिरमी के ज्ञानोदय इंग्लिश मीडियम स्कूल में हुई विशेष प्रकरण बैठक
- केंद्रीय अध्यक्ष खोड़सराम कश्यप और राज प्रधान सुनीता वर्मा

इस अवसर पर संरक्षक नरसिंह वर्मा, सचिव प्रदीप बघमार, मीडिया प्रभारी महेश वर्मा, सांस्कृतिक प्रभारी नरेश धुरंधर, ग्राम प्रमुख तुलसीराम वर्मा, ग्राम कोषाध्यक्ष संजय धुरंधर, वेदप्रकाश वर्मा, पीलुराम वर्मा, भूपेंद्र वर्मा, सुरेंद्र वर्मा सहित हिरमी, सकलोर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। बैठक में दो विशेष प्रकरणों पर चर्चा की गई और दोनों ही प्रकरणों का समाधान समाज की सर्वसम्मति से किया गया।

## खरोरा में धूमधाम से मनाई गई नागपंचमी



**खरोरा** । रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा में नाग पंचमी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ छात्र-छात्राओं ने नागदेवता की प्रतिमा पर गुलाल, अक्षत, पुष्प दूध व श्रीफल अर्पित कर पूजा अर्चना की। रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा के संस्थापक एवं प्रधानचार्य राघवेंद्र गोस्वामी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नागपंचमी का पर्व परंपरागत श्रद्धा एवं विश्वास के साथ मनाया जाता है। इस दिन नागों की पूजा की जाती है। इस दिन नागों के दर्शन का विशेष महत्व है। शिक्षक स्वाति दीवान, ममता भारद्वाज, फातिमा खान, रोशनी सारथी, जैनब भारद्वाज, निशा बंजारे, आकांक्षा सेन, जागृति वर्मा, प्रीति डहरिया, प्रीति देवांगन, देव डहरिया समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

## सड़क किनारे लगती है ठेला व दुकानें वाहन चालकों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम नर्रा स्थित पानी टंकी चौक से कोकडी पहुंच मार्ग किनारे में ठेला, खोमचे व सब्जी की दुकानें लगती है, इससे चार पहिया वाहन चालकों को आने जाने में परेशानी होती है। ज्ञात हो कि शाम होते ही आसपास गांवों के ग्रामीणजन समानों के लिए खरियार रोड जाने के लिए निकलते है। जिसके चलते इस चौक में भीड़ सी लग जाती है। कोमाखान से खट्टी मार्ग, नर्रा से कोकड़ी मार्ग है। इस चौक से हाई सेकंडरी हाई स्कूल सरस्वती शिशु मंदिर तथा प्रा.साख सहकारी समिति को जोड़ती है। इस मार्ग के किनारे अनेक ठेले व सब्जी के दुकानें लगी रहती है। मुख्य वजह मोड़ के कारण खाद से भरे ट्रक को आने जाने में परेशानी होती है। इस तरह जब राज्य सरकार समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी उपार्जन केंद्र में की जाती है, जब धान का उठाव व परिवहन के समय धान से भरे वाहन के ड्राइवरों को निकालने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग पर शाम होते ही अत्यधिक मोटर साइकिल वाहन चलती है।

## श्रद्धा व उत्साह से मनाई गई नागपंचमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में नाग पंचमी का पावन पर्व विशेष श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में एक संक्षिप्त सांस्कृतिक एवं जानकारीपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नाग पंचमी पर्व के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार नाग देवता की पूजा अर्चना से हुई। इस दौरान शिक्षकगण तारकेश्वर कुमार धीवर, संगम कुमार मन्नाडे, एवं मैडम भारती तांती की सक्रिय सहभागिता रही । विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने नाग पंचमी के ऐतिहासिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है, जिसमें सर्पों की पूजा कर उनसे जीवन की रक्षा की प्रार्थना की जाती है। यह पर्व प्रकृति और जीवों के प्रति सम्मान एवं सहअस्तित्व की भावना को प्रकट करता है। विद्यालय के बच्चों ने पूरे हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव के साथ नाग पंचमी का पर्व मनाया, जिससे उनमें अपनी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति गर्व एवं लगाव की भावना और अधिक प्रकट हुई।

#### बरडीह में बच्चों को बताया गया नागपंचमी का महत्व

**खरोरा ।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में शिक्षक विशेषर वर्मा ने बच्चों को नागपंचमी के सम्बन्ध में बताया गया कि नागपंचमी श्रावण मास के शुल्क पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाने वाला हिंदू त्यौहार है जिसमें नाग देवता (सांपों) की पूजा जाती है, दूध चढ़ाया जाता है। नाग देवता के पूजा करने से कालसर्प दोष से मुक्ति मिलती है। यह त्यौहार नहीं देवता की कृपा पाने, जीवन में सुख -समृद्धि और शांति के लिए मनाया जाता है। नाग पंचमी का त्यौहार न केवल धार्मिक महत्व रखता है बल्कि इसका पर्यावरणीय महत्व है। इस कार्यक्रम में हेमकुमारी साहू, चरित ध्रुव, संजय कुमार बंछोर आदि शिक्षक उपस्थित रहे।




## पेज 11 के शेष

### पुलिस ने 2

25000 रुपये को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्षीयों का कथन लेख किया गया। माल मुल्जिम पता तलाश दौरान आरोपी लक्ष्मण ध्रुव उर्फ लाला एवं दिक्षित ध्रुव उर्फ पप्पू का गवाहों के समक्ष मेमोरेण्डम कथन लेख किया गया।

**आरोपियों का कबुलनामा:** मेमोरण्डम में आरोपियों द्वारा बताया गया कि आरोपी लक्ष्मण ध्रुव घटना दिनांक 26/07/2025 को रात्रि लगभग 09:00 बजे घटना स्थल से उक्त मोटर सायकल के वायर को डायरेक्ट करके चोरी कर अपने घर ले आया। आरोपी दिक्षित ध्रुव उर्फ पप्पू उक्त मोटर सायकल को 13,000 रूपये में खरीदकर अपने साथ ले गया। चोरी के मोटर सायकल को मंदिर हसौद के दुकान में कलर बदलवाकर चाबी स्वीच को बदलवा दिया। पकड़े जाने के डर से आरोपी लाला द्वारा नंबर प्लेट को निकालकर रायपुर रोड तरफ फेंक दिया तथा आरोपी पप्पू उक्त मोटर सायकल में फर्जी नंबर सीजी 04 पीजे 4010 मडगॉड में स्टीकर चिपका कर चलना, आरोपी लक्ष्मण ध्रुव उर्फ लाला द्वारा 11,000 रूपाने पीने में खर्च देना बताया। आरोपी द्वारा मोटर सायकल को चोरी कर सामान्य आशय से साक्ष्य को मिटाने के उद्देश्य से नंबर प्लेट को निकालकर फेंक देना, आरोपी द्वारा छिपाने की सहायता करते हुए कलर करवा देना एवं चोरी के मोटर सायकल को फर्जी नंबर लगाकर असली के रूप में उपयोग करना पाये जाने पर प्रकरण में पृथक से धारा 238(ग), 340 (2), 317 (2) 3 ( 5 ) भा.न्या. सं.जोड़ी गयी। आरोपी लक्ष्मण ध्रुव उर्फ पप्पू के पेश करने पर नगदी 2000 रूपये एवं आरोपी विक्षित ध्रुव उर्फ पप्पू के पेश करने पर मोटर सायकल बैगनी रंग जिसके मडगॉड में फर्जी नंबर सीजी 04 पीजे 4010 स्टीकर चिपका हुआ मय चाबी को पृथक-पृथक जप्त किया गया।

### नाग हमारी संस्कृति...

माना जाता है। इन्हें शक्ति एवं सूर्य का अवतार भी माना जाता है। हमारे देश में नाग पूजा प्राचीन काल से चली आ रही है। विद्यालय के शिक्षक डागेश्वर प्रसाद वर्मा, नीलिमा सावरगांव कर ने कहा कि श्रावण माह के शुक्ल पक्ष पंचमी को नाग पंचमी के रूप में मनाया जाता है, इस दिन नागों का दर्शन शुभ माना जाता है, आज विद्यालय में नाग देवता को दुग्धाभिषेक कर पूजन किया गया, तथा भोलेनाथ एवं नाग देवता की महिमा से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। सर्प शत्रु नहीं मित्र कहकर नाग देवता के विभिन्न महिमा का बखान किए। इस अवसर समस्त छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं इको क्लब के सदस्य, स्काउट गाइड के छात्र-छात्राएं विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सरस्वती शिशु मंदिर....

में बने श्यामपट्ट पर नाग देवता की कलाकृति आकर्षण का केंद्र रही। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने बच्चों को नागपंचमी पर्व से जुड़ी पौराणिक कथाएं सुनाई और इस पर्व के पीछे छुपे धार्मिक व सांस्कृतिक संदेशों पर प्रकाश डाला। बच्चों ने पारंपरिक पोशाकों में भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने ॐ नमः शिवाय का जाप करते हुए सामूहिक रूप से प्रार्थना की, जिससे पूरे परिसर में अध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। बच्चों को सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु किया प्रेरित कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया एवं सभी बच्चों को सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा इस आयोजन के माध्यम से बच्चों में धार्मिक मूल्यों, नैतिकता एवं भारतीय परंपरा के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने का प्रयास सराहनीय रहा। नागपंचमी जैसे पर्वों के माध्यम से नयी पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़े रखने की यह पहल निश्चित ही प्रशंसनीय है।

### कनिष्ठ अधिकारियों का...

को मानवीय संसाधन तकनीकी सुविधाओ की कमी शासकीय वाहन, सुरक्षा एवं प्रशासनिक सहयोग की कमी के साथ कार्य सम्पादन में आने वाली विभिन्न परेशानियों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था उक्त आंदोलन में आज संघ के अध्यक्ष मिथलेश डोनडे, अभिषेक अग्रवाल नायब तहसीलदार भाटापारा, पंकज बघेल नायब तहसीलदार पलारी, निशा वर्मा नायब तहसीलदार लवन, युवराज कुर्रे तहसीलदार टुण्डरा, प्रियंका देवांगन तहसीलदार बलौदाबाजार, विवेक पटेल तहसीलदार कसडोल, लीलाधर कंवर तहसीलदार पलारी, प्रेमा मिंज तहसीलदार भाटापारा, निवेश कोरेटी तहसीलदार सोनाखान, राजू पटेल तहसीलदार बलौदाबाजार सहित जिले के सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

**17 सूत्रीय माँगे और चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति:** अधिकारियों के मांग पत्र में प्रमुख रूप से प्रदेश के सभी तहसीलों में स्वीकृत सेटअप की पदस्थापना, तहसीलदारों के डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदोन्नति, नायब तहसीलदार के पद को राजपत्रित पद की सूची में शामिल करने, ग्रेड पे में शीघ्र सुधार, शासकीय वाहन की सुविधा, निलंबन से बहाली, न्यायालीन प्रकरणों में आदेशो के पालन, जैसी सत्रह सूत्रीय मांगो का मांग पत्र सौंपा गया था किंतु आज पर्यंत किसी भी प्रकार का सुधार नही हो रहा जिसके चलते चरणबद्ध आंदोलन के तहत तीसरे चरण के आंदोलन की शुरुआत आज की गई है जिसमे 17 जुलाई को जिलो के कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया था दूसरे चरण में 21 जुलाई से 26 जुलाई तक निजी संसाधनों से कार्य बंद किया गया था इसी आंदोलन के तीसरे क्रम में 28 जुलाई को संघ के द्वारा जिला स्तर पर सामूहिक अवकाश भी लिया गया । 29 जुलाई को ये सामूहिक अवकाश पूरे संभाग एवं 30 जुलाई को पूरे प्रदेश स्तर पर सामूहिक अवकाश लेकर राजधानी रायपुर में धरना प्रदर्शन की घोषणा भी किया गया। अधिकारियों ने आंदोलन के चौथे क्रम में अनिश्चित कालीन हड़ताल की तैयारी भी करने की घोषणा अपने मांग पत्र में किया है।

### अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस ...

की आवश्यकता, तथा वन्यजीवों के साथ सह-अस्तित्व के विषय में जानकारी दी गई। विद्यालय में उपस्थित प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारी राहुल उपाध्याय एवं कविता ठाकुर ने विद्यार्थियों के साथ संवाद कर उन्हें वन्यजीवों की रक्षा के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों ने बाघों के संरक्षण पर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्तियों से सबको प्रभावित किया।



# शिवभक्ति में लीन नन्हे भक्तों ने निकाली कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज : बलौदाबाजार

सावन माह में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक की परंपरा के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने सोमवार को नगर के शिव मंदिरों में कांवड़ यात्रा निकालकर जलाभिषेक किया। इस दौरान शिवभक्त बच्चों के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। विद्यालय के अरुण से द्वितीय तक के भैया-बहनों ने दीदी मनीषा यादव, धनेश्वरी शर्मा, माहेश्वरी ध्रुव, किरण यादव, सत्यवती डड़सेना, त्रिवेणी ठाकुर एवं खेमिन साहू के मार्गदर्शन में शिव मंदिरों तक पहुंचकर जल चढ़ाया। विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष विजय केसरवानी, उपाध्यक्ष खोड़सराम कश्यप, सचिव राजनारायण केसरवानी एवं सह सचिव नीलम सोनी ने बच्चों के इस धार्मिक उत्साह की सराहना करते हुए सभी शिवभक्तों को शुभकामनाएं दीं।

## शिवभक्ति में सराबोर भजन मंडली ने निकाली कांवड़ यात्रा



**खरोरा ।** सावन महीने के तीसरे सोमवार को क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। भगवान शिव की आराधना के लिए जिलेभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की टोलियां उमड़ पड़ीं। शिवभक्तों ने कांवड़ यात्रा निकालकर जलाभिषेक कर अपनी आस्था प्रकट की। सावन की शुरुआत से ही कांवड़ियों का उत्साह देखते ही बनता है। भक्तजन दूर-दूर से पवित्र नदियों से जल लेकर शिवालयों में जल अर्पित कर रहे हैं।
इसी क्रम में खरोरा की शिव-शक्ति भजन मंडली की महिलाओं द्वारा एक विशेष कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में उत्तरा साहू, रानू चंद्राकर, किरण सोनी, अहिल्या देवांगन, दुर्गा वर्मा, दुलारी वर्मा एवं कंचन वर्मा समेत कई श्रद्धालु महिलाएं सम्मिलित हुईं। सभी ने ग्राम बेल्दार सिवनी स्थित अर्धनारीश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर विधिवत जलाभिषेक कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस आयोजन के दौरान पूरे मार्ग में भक्ति गीतों की गूंज रही और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिला मंडली द्वारा आयोजित यह कांवड़ यात्रा समाज में आस्था और एकता का संदेश लेकर आई।

## खबर संक्षेप





### मां के नाम किया गया पौधारोपण

**रवान** । एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत सेवा सहकारी समिति मर्या. करमदा में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहे उप पंजीयक उमेश कुमार गुप्ता, सहकारीता विस्तारक अधिकारी देवेन्द्र कुमार नेताम, प्राधिकृत अधिकारी चंद्रिका प्रसाद वर्मा, सरपंच सरस्वती वर्मा, उपसरपंच राजू कुमार दिदि, सचीव रूपचंद बोस रोजगार सहायक, सतीस कुमार वर्मा पंच, समिति प्रबंधक राजकमल साहू, नोडल प्रबंधक आर. के. धावलकर एवं कर्मचारीगण गायत्री ध्रुव, रूखमणी वर्मा, अधिकारी जी.एन. साहू, शाखा सालीकराम वर्मा, अविनाश पाण्डेय, शैलेन्द्र यादव, बलरामदास मानिकपुरी, वसंत वर्मा, भानु प्रताप यादव, दयानंद वर्मा, बलदाऊ ध्रुव एवं समस्त कृषक सदरय उपस्थित रहे। ये उक्त जानकारी ग्राम करमदा के सरपंच सरस्वती वर्मा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दी है।

### भीखापाली में एक व्यक्ति से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम भीखापाली में एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना में आरोपी के खिलाफ सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सविता कुर्रे ने बताया कि 20 जुलाई को दोपहर 1:30 से 02 बजे के मध्य गांव का बहादुर सोनवानी उसके पति मेलाराम कुर्रे को बुलाने आया और घर के सामने गली में ले जाकर किसी बात को लेकर मेलाराम कुर्रे केसाथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। इसके बाद प्रार्थिया अपनी सास और जेठानी के साथ जाकर बीच बचाव किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## निधन

### लोचन वर्मा



**मुंडा** । ग्राम पंचायत पैजनी निवासी लोचन वर्मा 70 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया है । वे दयाराम, चोलाराम, गुरुदयाल, भानमति, बिनेशवरी के पिताजी थे उनकी अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में सामाजिकजन व ग्रामवासी सम्मिलित रहे ।

### धनुष राम ध्रुव



**भाटापारा।** मोपका निपनिया ग्राम पंचायत मोपका के धनुष राम ध्रुव 75 वर्ष निधन हो गया है। वे पूर्व पंच मनहरण ध्रुव के पिता थे। उनके निधन पर सरपंच डा. चेतन वर्मा, उपसरपंच संजय वर्मा, शाला विकास समिति अध्यक्ष गणेश शुक्ला, कौशल ध्रुव, सतुराम ध्रुव, बिहारी वर्मा, ने शोक वक्त किया है।

## निरीक्षण : 8 लेन सिंथेटिक एथलीट ट्रैक और इंडोर कॉम्प्लेक्स का किया निरीक्षण

# बलौदाबाजार में विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी: कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने मंगलवार को कृषि उपज मंडी बलौदाबाज़ार क्षेत्र के 6 धान उपार्जन केंद्रों में शेडयुक्त चबूतरा निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं भूमिपूजन किया। प्राथमिक कृषि सहकारी समिति देवरी, सलोनी, करमदा, रसेड़ा, भरसेला और लटुआ के धान उपार्जन केंद्रों में शेडयुक्त चबूतरा निर्माण किया जाएगा। प्रत्येक चबूतरे की निर्माण लागत 21.80 लाख रुपये है।

उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए लगभग 2 करोड़ के नवीन कार्यो की स्वीकृति भी दी जिसके तहत सोनपुरी, बोईरडीह, बेमेतरा, धंवई, भाठागांव, सलोनी, देवरी, शुक्लाभांठा में प्रत्येक में चेक डेम निर्माण हेतु 20-20 लाख रुपये और बुड़गहन में 20 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण शामिल है। इस अवसर पर मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि बहुत जल्द इन विकास कार्यों का निर्माण प्रारंभ किया जाएगा। क्षेत्र के विकास के लिए कोई कमी रहने नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में चहुँमुखी विकास हो रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश के हर तरह के विकास के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए पूरा प्रयास होगा ताकि हमारे क्षेत्र का निरंतर विकास होता रहे। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सुंदर पारंपरिक नृत्य संगीत के साथ अतिथियों का भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला अध्यक्ष आनंद यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### बलौदाबाजार में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का खेल मैदान होगा तैयार: मंत्री



**बलौदाबाजार ।** राजस्व, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने मंगलवार को लोक निर्माण विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में निर्माणाधीन 8 लेन सिंथेटिक एथलीट ट्रैक एवं इंडोर कॉम्प्लेक्स कार्य का निरीक्षण किया। मंत्री श्री वर्मा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्य की उत्कृष्ट गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ ट्रैक एवं इंडोर कॉम्प्लेक्स का ड्राईंग-डिजाइन का बोर्ड मेन रोड में शीघ्र ही लगाने के निर्देश दिये ताकि आम जनता को पता चले कि जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का खेल मैदान मुहैया कराया जा रहा है। उन्होने कहा कि अब हमारे जिले में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी हेतु खिलाड़ियों को मैदान उपलब्ध हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय में 9.50 करोड़ रूपए की लागत से सिंथेटिक एथलीट ट्रैक और 15 करोड़ रूपए की लागत से मल्टीपरपज हॉल का निर्माण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव, एसडीएम अमित गुप्ता, खेल अधिकारी प्रीति बंछोर बिजौरा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शिशु मंदिर में हुई प्रधानाचार्य वार्षिक कार्य योजना बैठक



**अमेरा** । सरस्वती शिशु मंदिर अमेरा विद्यालय में 25 जुलाई से 27 जुलाई तक तीन दिवसीय प्राचार्य / प्रधानाचार्य वार्षिक कार्य योजना बैठक सम्पन्न हुआ । इस बैठक में 34 विद्यालय में से 25 विद्यालय की सहभागिता रही जिसमें कुल 27 शामिल हुए। इस बैठक में प्रथम दिवस अतिथि के रूप में छ.ग.प्रान्त से प्रांतीय सचिव पुरन्दर कश्यप, जिला बलौदाबाजार ग्राम भारती अध्यक्ष राजनारायण केसरवानी, अमेरा विद्यालय के अध्यक्ष गजानंद त्रिवेदी, डा अजय राव (भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य), अमेरा सरपंच शैलेन्द्री पटेल, सदस्य मोतीलाल पटेल उपस्थित हुए अतिथियों द्वारा सर्व प्रथम मां सरस्वती, भारत माता, ओम के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरुआत किया गया।वहीं समाज उत्थान हेतु अनेक विषयों पर चर्चा कर कार्यक्रम की रचना की गई। इस कार्यक्रम में गणेश देवांगन, प्रेमलता बिसेन, तोलाराम यादव, शालिन साहू, अन्य गणमान्य लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

इस कार्यक्रम में शिव दास मानिकपुरी, समुन केवट, हेमचंद पटेल, हर प्रसाद कश्यप, नंदराम वर्मा, संतोष चक्रधारी, अनिल शर्मा, खिलेन्द बिजरे, गंगोत्री ध्रुव अन्य गणमान्य अचार्य उपस्थित हुए।

**ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सविता यादव, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, स्काउट गाइड जिला मुख्य आयुक्त एवं भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ अजय राव, श्रम जिवी पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल, जनपद सदस्य राम बाबु पटेल, पंच प्रतिनिधि मालिक राम साहू, युवा नेता घनश्याम पटेल, सहकारी समिति अमेरा अध्यक्ष मना फेकर, देवनाथ साहू, संतोष साहू, विद्यालय अध्यक्ष गजानंद त्रिवेदी, धनी फेकर, टुकेश्वर यादव, जिला समन्वयक बलौदाबाजार तोलाराम यादव, नंद कुमार रजक, सहित अनेकों ने इस कार्यक्रम में अपना योगदान दिया।

# आवारा मवेशियों से परेशान हुए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

समीप पंचायत मुख्यालय खम्हरिया के किसानों ने अपने फसलों को आवारा मवेशियों से बचाने के लिए पंचायत भवन में रखें है। लेकिन वहाँ उचित मूल्य दुकान स्थित है, जिसके कारण उपभोक्ता को सामान लेन देन करने मे बहुत दिकत होता है। क्योंकि वहाँ गोबर के बदबू से परेशान है। ज्ञात हो की ग्राम पंचायत मुख्यालय खम्हरिया में पूर्व कार्यकाल में गौठान निर्माण हो चुका है। लेकिन वहाँ हाता निर्माण नहीं होने के कारण आवारा मवेशियों को ग्रामीणों ने ठीकाना लगाएं है ताकि किसानों का फसल सुरक्षित रह सके। ग्रामीणों ने चर्चा करने पर बताया कि पूर्व सरकार ने जहाँ-जहाँ गौठान निर्माण करवाएं है वहाँ मवेशियों को रखना चाहिए ताकि आवारा मवेशियों सुरक्षित रहते और सरकार के राशि लगा है, उसका सही उपयोग होता।




# श्रावण सोमवारी पर हुआ रामायण पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

श्रावण मास की तीसरी सोमवारी के पावन अवसर पर ग्राम मुड़पार स्थित रामायण चौक में आदर्श नवयुवक रामायण मंडलियों द्वारा भव्य रामायण पाठ का आयोजन किया गया। यह आयोजन गांव में वर्षों से चली आ रही धार्मिक परंपरा का हिस्सा है, जो इस बार और भी अधिक श्रद्धा और भव्यता के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में किरण मानस परिवार द्वारा श्री तुलसीदास रचित रामचरितमानस से सुंदरकांड की कथा का वाचन किया गया, जिसमें श्रीराम और विभीषण मिलन की भावनात्मक कथा को कथावाचिका कुसुम साहू ने हृदयस्पर्शी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि कैसे विभीषण, रावण से अपमानित होकर श्रीराम की शरण में आते हैं और उनकी शरणागत वत्सलता की महिमा का गुणगान करते हैं। कथा की प्रमुख चौपाई — प्रबिसि नगर कीजे सब काजा, हृदय राखि कौशलपुर राजा... ने श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से अभिभूत कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान भक्ति गीतों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा। प्रमुख गीत के तौर पर.... 1. तुम आना भोले बाबा हमरी नगरिया में... 2. गगन उड़े हनुमान, बोलो राम सिया राम... जैसे गीतों ने समूचे क्षेत्र को आध्यात्मिक उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम के पश्चात भव्य प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें गांव के सभी श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

**मंडली के प्रमुख पदाधिकारी:** संरक्षक केवल राम वर्मा, पूर्व अध्यक्ष तिहारू राम साहू, अध्यक्ष, हिराराम साहू, सचिव हिरेंद्र कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष रामकुमार साहू, मंच संचालन में योगदान, लेख चंद साहू, बाबूलाल साहू, डॉ. किरीत कुमार साहू, पारथ निषाद, जीवन लाल वर्मा, काशीराम साहू, परदेसी राम ध्रुव, नाथूराम, दिना वर्मा, रामकुमार निषाद, श्यामलाल सहित कई अन्य ग्रामवासी।

पूरा गांव रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम और जय श्री राम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। यह आयोजन ग्रामवासियों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा का स्त्रोत बन गया और गांव को एक बार फिर धर्मनगरी का स्वरूप प्रदान किया।

# आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**बलौदाबाजार** । कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल पंचमदीवान, शासकीय माध्यमिक शाला सुरखी में स्कूली बालिकाओं को एक माह का आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य बालिकाओं को शारीरिक मानसिक सामाजिक रूप से मजबूत एवं सशक्त बनाना है ताकि किसी भी खतरे का सामना कर सके। आत्मरक्षा प्रशिक्षण में मार्शल आर्ट जैसे जूड़ो, कराटे, मुक्केबाजी के साथ ही साथ बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए आश्यक कौशल के गुण सिखाते है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रैनर्स किरण साहू, गोपाल साहू, सुधीर साहू, दिनेश साहू, गोमती साहू सहित स्कूली छात्राएं उपस्थित रहे।

## सावन की उमंग में झूमीं महिलाएं, मनोरंजक खेलों का लिया आनंद

# अग्रवाल महिला मंडल ने मनाया हरियाली तीज व झूला उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

- लकी गेम और हौजी में विजेताओं को मिले आकर्षक उपहार



सावन की हरियाली और उत्सव की उमंग को संजोते हुए अग्रवाल महिला मंडल खरोरा द्वारा पारंपरिक हरियाली तीज एवं झूला उत्सव का आयोजन हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। यह उत्सव सावन के सौंदर्य, समृद्धि और सखियों के मेल-मिलाप का प्रतीक रहा, जिसमें महिलाओं व बच्चों ने उत्साह से भाग लिया।

महिला मंडल की अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं और बच्चों ने झूले का आनंद, लकी गेम, और हौजी जैसे मनोरंजक आयोजनों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणाम- लकी गेम प्रथम स्थानः हर्षा अग्रवाल, द्वितीय स्थानः रीना अग्रवाल, हौजी गेम प्रथम स्थानः धारा अग्रवाल, द्वितीय स्थानः कृष्णा अग्रवाल विजेताओं को विशेष उपहार भेंट किए गए। उत्सव के अंत में महिलाओं ने सावन गीतों और भजन संध्या के साथ पारंपरिक लोक संस्कृति का रसास्वादन किया। वातावरण पूरी तरह से /"हरियाली तीज/" की भक्ति और उमंग में रंगा हुआ नजर आया। इस आयोजन ने सभी को सामूहिक ऊर्जा, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का संदेश दिया।

**आयोजन में सहयोग देने वाली प्रमुख सदस्य :** कृष्णा अग्रवाल, माया असवाल, सुधा समवाल, रंजना अग्रवाल, विजयलक्ष्मी अग्रवाल, अंगूरी अग्रवाल, उर्मिला अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, रीना अग्रवाल, माया (वीरेंद्रजी) अग्रवाल, कृष्णा (जुगल) अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, सुचिता अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, मोना अग्रवाल सहित महिला मंडल की सभी सदस्याओं ने उत्सव को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025, 2 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411